कार्यालयः उ0प्र0 लोक सेवा आयोग, प्रयागराज
संख्या– 260/01/ई–3/2025–26
प्रयागराज, दिनांकः 18 सितम्बर, 2026

विज्ञप्ति

उ0प्र0 सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (मुख्य) परीक्षा–2025 में सफल घोषित अभ्यर्थियों के साक्षात्कार सत्रवार निम्न कार्यक्रमानुसार आयोजित होगें:–

साक्षात्कार तिथि	प्रथम सत्र (पूर्वाह्न 09.30 बजे) (अनुक्रमांक से – अनुक्रमांक तक)	द्वितीय सत्र (अपराह्न 02.00 बजे) (अनुक्रमांक से – अनुक्रमांक तक)
28.09.2026	0000105 – 0019847	0020072 – 0035714
29.09.2026	0036067 – 0055974	0056170 – 0075474
30.09.2026	0075629 – 0086259	0086302 – 0098786
01.10.2026	0098850 – 0114363	0114454 – 0126046
05.10.2026	0126218 – 0138299	0138807 – 0160262
06.10.2026	0160576 – 0182009	0182148 – 0196751
07.10.2026	0196906 – 0212594	0212723 – 0231802
08.10.2026	0231839 – 0252975	0253362 – 0270022
09.10.2026	0270196 – 0289929	0290094 – 0306619
12.10.2026	0306973 – 0325463	0325880 – 0338177
13.10.2026	0338408 – 0356915	0356941 – 0371519
14.10.2026	0371642 – 0388825	0389021 – 0400748
15.10.2026	0400811 – 0411996	0413911 – 0427335
16.10.2026	0427651 – 0444645	0444774 – 0466406
17.10.2026	0466466 – 0482313	0482339 – 0501441
21.10.2026	0502482 – 0516093	0516321 – 0528115
22.10.2026	0528201 – 0545628	0545667 – 0561323
23.10.2026	0562866 – 0575295	0576140 – 0595002
24.10.2026	0595084 – 0611616	0611664 – 0626328

2. अभ्यर्थीगण दिनांक 22.09.2026 से आयोग की वेबसाइट **https://uppsc.up.nic.in** के 'Home Page' पर 'Click here for download Interview letter for Combined State/Upper Subordinate Services Exam. 2025' पर Click करने के पश्चात् Click here to Authenticate प्रदर्शित होगा, जिसपर Click करके अभ्यर्थी OTR No. एवं पासवर्ड/OTP के माध्यम से Authenticate करेंगे। Authenticate की प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात् स्क्रीन पर Applicant Dashboard स्वतः प्रदर्शित होगा। तत्पश्चात् अभ्यर्थी आवेदित परीक्षा के सापेक्ष Check Latest Status पर Click करने के पश्चात् सभी स्तरों पर निर्देशों एवं प्रक्रिया का भली–भाँति अध्ययन करने के

उपरान्त उसका पालन करते हुये प्रत्येक स्तर पर ऑनलाइन अधिमान्यता प्रपत्र एवं समस्त सूचनाओं को सही–सही भर कर SAVE एवं SUBMIT कर लें, इसके उपरान्त (i) आवेदन पत्र, (ii) प्रमाणीकरण प्रपत्र, (iii) देशना पत्रक, (iv) अंकतालिका विवरण व (v) अधिमान्यता प्रपत्र डाउनलोड कर मुद्रित करके उसके साथ समस्त शैक्षिक अभिलेखों/प्रमाण–पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियों का एक सेट तैयार कर उस फार्म सेट के प्रत्येक पृष्ठ पर निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर कर एवं स्व–प्रमाणित फोटो की दो प्रति तथा तीन आवक्ष सादी फोटो अर्थात कुल 05 फोटो सहित नियत तिथि को **प्रथम सत्र हेतु पूर्वाह्न 08.00 बजे एवं द्वितीय सत्र हेतु अपराह्न 12.30 बजे आयोग परिसर प्रयागराज में स्थित सरस्वती भवन में पहुँचना सुनिश्चित करें।** साक्षात्कार के समय शैक्षिक अर्हताओं से संबंधित समस्त अंकतालिकाओं/उपाधि एवं प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियां भी अपने साथ अवश्य लाएं।

इसके अतिरिक्त पदों का विवरण, जाति प्रमाण–पत्र, EWS का प्रमाण–पत्र, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रितों का प्रमाण–पत्र, दिव्यांगता का प्रमाण–पत्र के प्रारूप की PDF File वेबसाइट पर उपलब्ध है।

3. अभ्यर्थी को अपनी शैक्षणिक अर्हता एवं आवेदन के अनुसार जिस ग्रुप हेतु सफल हैं केवल उन्हीं ग्रुप के पदों की अधिमान्यताएं ऑनलाइन प्रदर्शित होगीं। अभ्यर्थियों को संबंधित पदों के सापेक्ष अधिमान्यता चयन कर Online Submit करना होगा एवं साक्षात्कार के समय भरी हुई अधिमान्यता का प्रिंट आउट अन्य वांछित अभिलेखों के साथ प्रस्तुत करना होगा।

उक्त के अतिरिक्त अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय निम्नलिखित प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा :–

(क) उ0प्र0 के आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को दावे के समर्थन में निर्धारित नवीनतम प्रारूप पर जारी किया गया जाति प्रमाण–पत्र/अन्य प्रमाण–पत्र वेबसाइट पर उपलब्ध है।

(ख) केन्द्र अथवा राज्य सरकार में कार्यरत अभ्यर्थी को सेवायोजक द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण–पत्र मूल रूप में।

(ग) EWS श्रेणी के अभ्यर्थियों द्वारा संगत शासनादेश दिनांक 18.02.2019 में निहित प्राविधानानुसार EWS प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा।

उपर्युक्त प्रमाण–पत्रों के अभाव में अभ्यर्थियों का साक्षात्कार किया जाना सम्भव नहीं होगा।

(हर्ष देव पाण्डेय)
परीक्षा नियंत्रक।